# K.M. Sugar Mills Ltd.

Factory & Works: P.O Motinagar-224201, Dist. Ayodhya(U.P)
Phone : 7571000692, Email :- director@kmsugar.com
CIN No.:L15421UP1971PLC003492 GSTIN No.:09AAACK5545P1ZZ

Date: 14th February, 2023

| Bombay Stock Exchange Limited, | National Stock Exchange of India Limited, |
|---|---|
| 25th Floor, Phiroz Jejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Fort,<br>Mumbai-400001<br>Phone no. 022-22728527 | Exchange Plaza, C-1, Block-G,<br>Bandra Kurla Complex, Bandra (E),<br>Mumbai-400051<br>Phone no. 022-26598100 |
| Scrip Code: 532673 | Scrip Code: KMSUGAR |

Dear Sirs,

***Ref:- Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015***
***Sub: Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2022***

We submit herewith copies of the advertisements published in Financial Express and Rashriya Sahara on 14th February, 2023 in terms of Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

This is for your information and records.
Thanking you.

Your's faithfully,
For **K M Sugar Mills Limited,**

Pooja Dua Digitally signed by Pooja Dua Date: 2023.02.14 15:41:06 +05'30'

Pooja Dua
**Company Secretary-cum-Compliance Officer**

आज देश भर में महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है लेकिन भाजपा चाहती है कि महंगाई पर कोई चर्चा न हो। क्या भाजपा के नेता ये मानते हैं कि गरीब आदमी से सिलेंडर भरवाने के लिए केंद्र सरकार को 1000 रुपए लेने चाहिए? मीडिया को भाजपा से यह सवाल पूछना चाहिए। — अशोक गहलोत, सीएम, राजस्थान

# हॉंडा सिटी कार से हो रही थी चंदन तस्करी, 50 लाख का माल बरामद

- रीवा मध्यप्रदेश से लाकर कन्नौज में करते थे सप्लाई
- चंदन तस्करी पर आधारित फिल्म पुष्पा से मिला था आईडिया
- कार के अंदर छोटे- बड़े साइज के चन्दन काटकर रखे जाते थे
- पुलिस और क्राइम ब्रांच ने दो चन्दन तस्करों को दबोचा



महाराजपुर में चंदन की लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** रीवा मध्य प्रदेश से चोरी-छिपे ढंग से चंदन लाकर कन्नौज ले जाने वाले गैंग के दो सदस्यों को कमिश्नरेट कानपुर नगर की क्राइम ब्रांच और थाना महाराजपुर पुलिस ने दबोच लिया है। अभियुक्तों के पास से बड़ी मात्रा में चंदन की लकड़ी के छोटे और बड़े टुकड़े बरामद हुए हैं। पकड़े गए अभियुक्त होंडा सिटी कार के अंदर चंदन की लकड़ी को छुपाकर तस्करी का काम कर रहे थे। बरामद माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपए बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान चंदन तस्तकरों ने बताया कि उन्हें यह तस्करी करने का आइडिया पुष्पा मूवी से मिला था।

पुलिस ने बताया कि चंदन तस्करी पर आधारित हाल ही में आई फिल्म पुष्पा से आईडिया लेकर तस्करों ने चंदन की तस्करी करनी शुरू कर दी। फिल्म में जिस तरह दूध के टैंकर को मॉडिफाई करके चंदन की लकड़ी को छिपाकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता था उसी तरह पकड़े गए दो शातिर हॉंडा सिटी कार के अंदर चंदन की लकड़ी को अलग-अलग साइज में भरकर ले जा रहे थे। पुलिस को मिली सटीक सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच थाना महाराजपुर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चन्दन की लकड़ी की तस्करी करने वाले दो अभियुक्त अनिल सिंह पुत्र ओमप्रकाश नि. शेखपुरा थाना कोतवाली जनपद कन्नौज उम्र . लगभग 35 वर्ष और अमित कुमार जोशी पुत्र शम्भूदयाल नि. बगिया फजल इमाम थाना कोतवाली जनपद कन्नौज उम्र 33 वर्ष को सघन चेकिंग अभियान चलाकर व घेराबन्दी करके दबोचा है। पुलिस द्वारा यूपी 27 एफ 8100 कार हॉंडा सिटी को घेरकर आवश्यक बल प्रयोग करते हुये रोका गया। जब गाड़ी की तलाशी लेने पर गाड़ी में चन्दन की लकड़ियां बरामद हुयी। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्तगणों द्वारा बताया गया कि हम लोग इस चन्दन की लकड़ी को रीवा मध्य प्रदेश से लाकर कन्नौज ले जा रहे थे। चोरी छिपे चन्दन की लकड़ी का व्यापार व तस्करी करते है। जिसे कन्नौज में फुटकर में दुकानदारों को बेच देते है। महाराजपुर थाने में चंदन की लकड़ी की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि बरामद लकड़ी की कीमत पचास लाख रुपये है। पुलिस ने बताया कि जिसका वजन लगभग, 500 ग्राम कुल वजन लगभग 163.600 किग्रा0, 2 मोबाइल, 01 हॉंडा सिटी कार जिसका गाड़ी नं. यूपी 27 एफ 8100, 01 बसुला, 01 रेती, 01वर्मा छोटा, 1270 रुपये नगद बरामद हुए है। गिरफ्तार करने वाली टीम में सतीश राठौर प्रभारी निरीक्षक महाराजपुर, मो. आरिफ प्रभारी स्वाट टीम (अपराध शाखा), राहुल कुमार स्वाट टीम (अपराध शाखा), पवन कुमार तिवारी थाना महाराजपुर, अमित विक्रम त्रिपाठी थाना महरजपुर, हे.कां. चन्दन कुमार गौड स्वाट टीम (अपराध शाखा) सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## दहेज में बुलेट न मिलने पर जिंदा फूंकने का प्रयास, गंभीर

**कानपुर (एसएनबी)।** नौबस्ता थाना क्षेत्र में दहेज में बुलेट की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने बहू को जिंदा फूंकने का प्रयास किया। आग की लपटों में घिरी महिला की चीख पुकार सुनकर इलाकाई लोगों ने उसे इलाज के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर आरोपित पति, ससुर, सास समेत अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस फरार आरोपित पति व अन्य ससुरालियों की तलाश में जुटी है।

कानपुर देहात के गजनेर निवासी इरफान ने सलमान (पति), बदरुन निशा, मोनी, रेशमा, गुड़िया और आमिर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी बहन अफसाना की शादी कुछ साल पूर्व नौबस्ता के मछरिया निवासी सलमान से की थी। शादी के कुछ दिन बीतने के बाद पति और ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अफसाना को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आरोप है कि पति और ससुरालियों ने दहेज में एक लाख रुपये और एक बुलेट की मांग की थी। लेकिन अफसाना ने परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण दहेज लाने से इनकार कर दिया। इस पर देर रात ससुरालियों ने अफसाना पर मिट्टी का तेल छिड़कर उसे जिंदा फूंकने की कोशिश की। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपित पति और परिवार के अन्य सदस्य वहां से भाग निकले। लोगों ने घटना की जानकारी फोन कर पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया।

# पत्नी मायके से नहीं लौटी तो लगाई फांसी



मृतक संजीव शर्मा की फाइल फोटो।

- पुलिस को जांच के दौरान कमरे में मिली एक डायरी
- पुलिस ने डायरी को कब्जे में लिया, फोन किया जब्त
- पत्नी के लिए लिखता था शायरी

**कानपुर (एसएनबी)।** काकादेव के शास्त्री नगर इलाके में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब मां ने बेटे का शव फंदे से लटका पाया तो घटना की जानकारी काकादेव पुलिस को दी। पुलिस को जांच के दौरान युवक के कमरे से शराब की बोतल, ग्लास और एक डायरी मिली, जिसमें उसने पत्नी के नाम पर कई शायरी लिखी है हुई थीं।

काकादेव शास्त्री नगर निवासी संजीव कुमार शर्मा पुत्र सर्वेश शंकर शर्मा की शादी कुछ साल पूर्व बिहार की रहने वाली रानी के साथ हुई थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक संजीव शराब पीने का लती था, जिसको लेकर पत्नी से अक्सर उसका विवाद होता था। इसके चलते वह बच्चों के साथ अपने मायके बिहार चली गई थी। जब भी संजीव फोन पर पत्नी से घर आने की जिद करता था तो वह शराब छोड़ने की बात कहती थी। संजीव के शराब न छोड़ने पर उसने कानपुर आने से इन्कार कर दिया था। संजीव अपनी मां के साथ अकेला रहता था। संजीव की मां ने बताया कि कई बार उन्होंने संजीव पर शराब छोड़ने का दबाव बनाया तो उसने विवाद शुरू कर दिया था। इस पर मां ने उसे रोकना बंद कर दिया था। रविवार देर रात उसने खाना खाया और अपने कमरे में चला गया। सुबह जब मां ने संजीव का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई जबाव नहीं मिला। इस पर मां ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। इलाकाई लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में संजीव का शव फंदे से लटक रहा था। इलाकाई लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची काकादेव पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल की तो उन्हें एक डायरी मिली, जिसमें उसने पत्नी के लिए कई शायरी लिखी हुई थीं। पुलिस ने डायरी को जब्त कर लिया है। पुलिस ने संजीव के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि शराब के कारण उसकी पत्नी ने साथ छोड़ दिया था इस बात को लेकर संजीव डिप्रेशन में रहने लगा था और उसने ऐसा कदम उठा लिया।

## छेड़छाड़ में नशेबाजों ने किया पथराव

**कानपुर।** जूही के बम्बुरहिया में छेड़छाड़ के विरोध में नशेबाजों ने जमकर पथराव किया। पुलिस के आते ही नशेबाज युवक वहां से जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो लोगों को नामजद कर एक दर्जन नशेबाज युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला ने पुलिस को बताया कि घर के पास बने सामुदायिक शौचायल के चबूतरे पर नशेबाजों का जमावाड़ा रहता है। रविवार को बेटियां घर से बाजार जा रही थीं। इस दौरान नशेबाजों ने उनके साथ अश्लील हरकतें कीं। जब बेटियों ने विरोध किया तो नशे में धुत युवकों ने मारपीट करनी शुरू कर दी और जमकर पथराव कर दिया। बेटियां अपनी जान बचाकर भागकर घर आयीं और घरवालों को जानकारी दी। पुलिस फरार हमलावरों की तलाश में जुटी है।

# नशेबाजों ने मचाया उत्पात, जमकर की बमबाजी

- दुकान पर सामान खरीदने के दौरान हुआ था विवाद
- बमबाजी से इलाके में मचा हड़कंप, आरोपी फरार

**कानपुर (एसएनबी)।** हरबंस मोहाल में नशेबाजों ने दो घरों में जमकर पथराव किया। पीड़ित चचेरे भाइयों ने विरोध किया तो उन्हें तमंचे की बट से पीट दिया और घर के दरवाजे तक उखाड़ दिये। बमबाजी की आवास सुनकर इलाकाई लोगों ने हमलावरों को खदेड़ा तो वह जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। भागते समय एक हमलावर की बाइक मौके पर ही छूट गई। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया है। पुलिस फरार हमलावरों की तलाश में जुटी है।

हरबंस मोहाल कछियाना निवासी अमरनाथ ने कालू गुप्ता, अरविंद गुप्ता उर्फ नीलू, बतन निषाद, दिव्यांशू उर्फ डोकोमो समेत चार अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मारपीट, बमबाजी, तमंचे की बट से हमला, पथराव सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पीड़ित ने संयुक्त पुलिस आयुक्त को बताया कि उसका चचेरा भाई विपिन कश्यप देर रात परचून की दुकान पर सामान खरीदने गया था। इस दौरान दुकानदार अरविंद गुप्ता उर्फ नीलू से विपिन की कहासुनी हो गई। दुकानदार नशे की हालत में और विपिन से गाली गलौज शुरू कर दी। अरविंद ने फोन कर साथियों को बुला लिया। हमलावरों ने विपिन के साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत करा दिया। देर रात करीब साढ़े 11 बजे कालू गुप्ता और अरविंद अपने साथियों के साथ विपिन के घर के बाहर आ धमका। आरोप है कि सभी हमलावर हथियारों से लैस थे। हमलावर विपिन की तलाश में अमरनाथ के घर का दरवाजा खटखटाने लगे। जब अमरनाथ ने विपिन के बारे में कोई जानकारी नहीं दी तो उसे तमंचे की बट से पीटा दिया और पथराव करते हुए भाग निकले। इस दौरान एक हमलावर की बाइक मौके पर ही छूट गई। घटना की जानकारी पीड़ित ने पुलिस को दी। पुलिस ने बाइक को जब्त कर लिया। पुलिस के जाते ही हमलावर दोबारा लौटे और अमरनाथ व विपिन के घर के बाहर गाली गलौज करते हुए बमबाजी शुरू कर दी। बम की आवास सुनकर इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने बताया कि डोकोमो के खिलाफ कई अपराधिक मामले भी दर्ज है। संयुक्त पुलिस आयुक्त के निर्देश पर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## गेस्ट हाउस में महिला कर्मचारी के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**कानपुर।** किदवईनगर में एक गेस्ट हाउस में ठेकेदार ने वहां की महिला कर्मचारी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। ठेकेदार के चंगुल से छूट कर भागी महिला ने घटना की जानकारी फोन कर पुलिस को दी। सूचना पर किदवई नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस फरार ठेकेदार की तलाश में जुटी है। पुलिस ने महिला को मेडिकल के लिए भेजा।

सजेती के बीरबल का अकबरपुर निवासी युवती ने किदवई नगर पुलिस को बताया कि वह एक गेस्ट हाउस में काम करती है। देर रात काम करने के बाद वह गेस्ट हाउस में ही विश्राम कर रही थी। रात में नशे में धुत होकर ठेकेदार पप्पू ने उसे कमरे में खींच लिया। महिला ने शोर मचाने का प्रयास किया तो अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। महिला उसके चंगुल से छूटकर भागी और घटना की जानकारी फोन कर पुलिस को दी। तभी ठेकेदार मौका पाकर वहां से भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को गेस्ट हाउस के पिछले हिस्से से बरामद कर लिया। पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मारपीट में पहली मंजिल से गिरा युवक, मौत

- परिजनों ने इलाके के युवक पर लगाया हत्या करने का आरोप

**कानपुर (एसएनबी)।** चमनगंज थानाक्षेत्र में मारपीट के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक छत से नीचे जा गिरा। सिर पर आयी गंभीर चोटों के कारण वह बेहोश हो गया। युवक को खून से लथपथ देख परिवार के सदस्यों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थाल की जांच की। मृतक के परिजनों ने इलाके के ही एक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया।

चमनगंज के श्रीनगर मोहल्ला निवासी श्याम जायसवाल (45) जाजमऊ स्थित एक टेनरी में नौकरी करता था। परिवार में पत्नी पिंकी और पांच महीने का बेटा है। परिजनों ने बताया कि रविवार की रात श्याम दोस्तों के साथ पार्टी करने की बात कहकर घर से निकला था। इस दौरान मोहल्ले में रहने वाले सिद्धार्थ नाम के युवक से कुछ विवाद हो गया था, तो लोगों ने बीचबचाव करने के बाद मामले को खत्म कर दिया था और दोनों पक्षों को घर भेज दिया था। देर रात सिद्धार्थ दोबारा नशे की हालत में घर आया और श्याम के साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान श्याम मकान की पहली मंजिल पर बनी छत से नीचे जा गिरा। इस दौरान श्याम के सिर पर गंभीर चोट आ गई और वह बेहोश हो गया। श्याम को खून से लथपथ देख परिवार में हड़कंप मच गया। घबराये परिजनों ने इलाज के लिए श्याम को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इलाके के सिद्धार्थ पर हत्या का आरोप लगाकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी चमनगंज अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया कि युवक के छत से नीचे गिरने की जानकारी मिली थी।

# नकाबपोश बदमाशों ने ट्रक चालक को बंधक बनाकर लूटा, मुकदमा

**कानपुर (एसएनबी)।** नौबस्ता में नकाबपोश बदमाशों ने एक ट्रक चालक को बंधक बनाकर लूट लिया। ट्रक चालक सवारी गाड़ी से घर जा रहा था। रास्ते में आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने उसे दबोच लिया और बंधक बनाकर मोबाइल फोन व आठ हजार रुपये नकद लूट लिये। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर लूट की रिपोर्ट दर्ज की है।

कानपुर देहात के हैदरपुर निवासी मो. नसरुद्दीन ने नौबस्ता पुलिस को बताया कि पेशे से वह ट्रक चालक है। ट्रक को एजेंसी में खड़ा करने के बाद वह सवारी गाड़ी से देर रात यशोदा नगर बाईपास से होकर वापस कानपुर देहात के लिए जा रहा था। रात करीब 11 बजे का समय था। जैसे ही उनका ऑटो यशोदानगर बाईपास के पास पहुंचा तभी पुल से नीचे खड़े करीब आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने ऑटो को रोक लिया। बदमाशों ने ऑटो चालक और पीड़ित के साथ मारपीट शुरू कर दी और ऑटो में ही उसे बंधक बनाकर उसका मोबाइल फोन व आठ हजार रुपये लूट लिये। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से भाग निकले। घटना की जानकारी पीड़ित ने फोन कर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से लुटेरों की तलाश में जुटी है।

# कब्र से निकाला शव, पोस्टमार्टम से होगा खुलासा

- कानपुर देहात जाते समय दंपति के साथ हुई थी घटना, नहीं हुआ था पीएम

**कानपुर/चौबेपुर (एसएनबी)।** बिठूर थानाक्षेत्र के नारामऊ में सोमवार को भारी पुलिस बल के बीच वसीम मोहम्मद के शव को नारामऊ कब्रिस्तान से कब्र से बाहर निकाला गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बेटे के शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला दर्ज किया जायेगा।

मृतक की मां रोशन जहां ने सीएम से शिकायत की थी। पिता सईद मोहम्मद ने डीएम से शिकायत कर बेटे की मौत की असली वजह जानने के लिए शव कब्र से निकालने और पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। सोमवार दोपहर को एसीएम तृतीय जीएन सरोज और एसीपी कल्याणपुर विकास कुमार पांडे, बिठूर, चौबेपुर, बिल्हौर व आसपास के थानों की फोर्स की मौजूदगी में युवक के शव को कब्र से बाहर निकाला गया और उसे पोस्टमार्टम को भेजा गया। सईद मोहम्मद का बड़ा बेटा वसीम मोहम्मद 30 जनवरी को पत्नी शहनाज के साथ बाइक से विवाह समारोह में शामिल होने के लिए कानपुर देहात के डेरापुर गांव में गया था। शाम को घर वापस लौटते समय चौबेपुर थाना क्षेत्र के विरोहा गांव के पास वसीम घायल अवस्था में सड़क पर पड़ा मिला, जबकि पत्नी शहनाज अर्द्धबेहोशी हालत में मिली थीं। वहीं, ग्रामीणों ने आवारा पशु से बाइक टकराने की आशंका जतायी थी। पत्नी शहनाज ने वसीम के गले पर तेज धारदार हथियार से कटने का निशान बताया था। पुलिस उसे हैलट लेकर आ रही थी लेकिन रास्ते में वसीम की जान चली गई थी। परिजनों ने उसके शव को बिना पोस्टमार्टम के ही दफन कर दिया था।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का झांसा देकर करोड़ों ठगे



महिलाओं ने थाना घेरकर किया हंगामा। फोटो : एसएनबी

- बिल्हौर कस्बे में सैकड़ों महिलाओं के साथ ठगी की सनसनीखेज वारदात
- कच्चा माल देकर तैयार आयुर्वेदिक दवाएं बनवाने के नाम पर की ठगी
- पीड़ित महिलाओं ने थाने में किया हंगामा, पुलिस ने एफआईआर लिखी

**बिल्हौर (एसएनबी)।** कथित रूप से आयुर्वेदिक दवाएं बनाने वाली एक कंपनी के लोगों ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये ठग लिये। महिलाओं को जब तक पता चला तब तक कंपनी के लोग भाग निकले। पीड़ित महिलाओं के हंगामा करने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया और आरोपियों को ढूंढकर कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

मामले का खुलासा सोमवार दोपहर तब हुआ जब बड़ी संख्या में महिलाएं फरियाद लेकर बिल्हौर कोतवाली पहुंचीं और ठगी की रिपोर्ट दर्ज करने को कहा। पुलिस ने आनाकानी की तो वह हंगामा करने लगीं। आखिरकार पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करनी पड़ी। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि लालगंज लखनऊ निवासी रामखिलावन उर्फ रामजी ने करीब डेढ़ वर्ष पहले बिल्हौर कस्बे में थाने के सामने वाली गली में सेठ रामकुमार गुप्ता की बिल्डिंग में हाल किराए पर लेकर आयुर्वेदिक प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक दवा कंपनी का कार्यालय खोला था। कार्यालय में क्षेत्र के एक दर्जन युवक और युवतियां कार्यरत थे। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सपना दिखाते हुए कंपनी से कच्चा माल खरीदकर आयुर्वेदिक दवाएं तैयार करने को कहा। यह भी कहा कि दवा बनाना वह सिखायेंगे और दवा बनने के बाद डेढ़ से दो गुने दाम पर खरीद लेंगे। घर बैठे रोजगार मिलने के लालच में काफी संख्या में महिलाओं ने कंपनी से सामान खरीद लिया। बताते हैं कि कंपनी द्वारा पैसा लेकर धनराशि के अनुपात में पाउडर व कुछ दवाएं आदि दे दी जाती थीं। उसके बाद इस पाउडर में अंडे के छिलके, केले के पत्ते और गौमूत्र आदि मिलाकर दवाई तैयार कराई जाती थी। कंपनी ने कई महिलाओं को दवा बनाने के बाद ऊंची दरों पर भुगतान करके विश्वास जीत लिया, जिसके बाद और भी महिलाएं उनके साथ जुड़ गयीं और अपनी जमापूंजी से पाउडर व अन्य सामान लेकर दवा बनाने लगीं। कंपनी ने धीरे-धीरे करीब पांच सौ महिलाओं को अपने साथ जोड़ लिया और उनसे करोड़ों रुपये लेकर पाउडर व अन्य कच्ची सामग्री दे दी। पीड़िताओं ने बताया कि सोमवार सुबह कुछ महिलाएं अपना भुगतान लेने के लिए दवा कंपनी के आफिस पहुंचीं तो वहां ताला लगा देखकर सन्न रह गयीं। गेट पर लगा कंपनी का बोर्ड भी गायब था। उन्होंने कंपनी संचालक और कर्मचारियों के टेलीफोन नंबर पर संपर्क किया, मगर किसी का भी फोन नहीं उठा। ठगी का अहसास होने पर महिलाओं ने हल्ला मचाया, जिस पर और भी महिलाएं जुट गयीं और फिर थाने पहुंचीं। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद क्षेत्र के उन लोगों को बुलाकर पूछताछ शुरू की, जो कंपनी में काम करते थे। एसीपी आलोक सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।


**ACE EXPORTS LIMITED**
20/157, PATKAPUR, KANPUR-208 001, UTTAR PRADESH
# CIN: L19111UP1990PLC012053 # ISIN: INE781X01019
E-Mail id: aceexportsknp@gmail.com #Ph: +91 9453026677 www.aelknp.com

Extract of Audited Financial Results for the Quarter and Nine months ended 31st December, 2022 [In terms of Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015]

PART I

STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTH ENDED 31ST DECEMBER, 2022

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED | | | NINE MONTH ENDED | | YEAR ENDED |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 | 30.09.2022 | 31.12.2021 | 31.12.2022 | 31.12.2021 | 31.03.2022 |
| | | (Audited) | (Audited) | (Audited) | (Audited) | (Audited) | (Audited) |
| 1 | Total income from operations (net) | 17,172,391.54 | 29,482,388.73 | 20,838,956.18 | 72,229,839.85 | 26,243,061.87 | 60,391,526.55 |
| 2 | Net Profit for the Period before Tax, Exceptional and Extraordinary items | 332,604.73 | 488,226.96 | 2,052,877.65 | 1,347,386.00 | (1,714,891.95) | 547,202.20 |
| 3 | Net Profit for the Period before Tax (after Exceptional and Extraordinary items) | 332,604.73 | 488,226.96 | 2,052,877.65 | 1,347,386.00 | (1,714,891.95) | 547,202.20 |
| 4 | Net Profit for the Period after Tax (after Exceptional and Extraordinary items) | 332,604.73 | 488,226.96 | 2,052,877.65 | 1,347,386.00 | (1,714,891.95) | 547,202.20 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period Comprising Profit for the Period (after Tax) and other Comprehensive Income (After Tax) | 332,604.73 | 488,226.96 | 2,052,877.65 | 1,347,386.00 | (1,714,891.95) | 547,202.20 |
| 6 | Paid-up equity share capital | 53,928,000.00 | 53,928,000.00 | 53,928,000.00 | 53,928,000.00 | 53,928,000.00 | 53,928,000.00 |
| 7 | Reserves excluding revaluation reserve | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings per equity share for Continuing and Discontinuing Operations | | | | | | |
| | Basic earnings per share | 0.06 | 0.09 | 0.38 | 0.25 | (0.32) | 0.10 |
| | Diluted earnings per share | 0.06 | 0.09 | 0.38 | 0.25 | (0.32) | 0.10 |

Note:-
1. The above is an extract of the detailed format of audited Financial results for the Quarter and nine months ended on 31st December, 2022, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (listing Obligations ;ind Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above Result are available on the Stock Exchange website (www.msei.in) and the Company's website (www.aelknp.com)
2. The above Audited Financial Results have been reviewed by the Audit Committee and thereafter approved and taken on record by the Board of Directors in their meeting held on 13th February,2023. The Statutory Auditors have carried out Limited Review of the audited Financial Results for the quarter ended 31st December, 2022.

For & On behalf of the Board
ACE EXPORTS LIMITED
Sd/-
R.S Roofi Waki
(Managing Director)
DIN: 00641653

Place:- Kanpur
Date:- 13.02.2023

**K M SUGAR MILLS LIMITED**
CIN No.:L15421UP1971PLC003492
Regd. Office:11, Moti Bhawan, Collectorganj, Kanpur-208 001 (U.P.)
email: kmsugar@gmail.com, website: www.kmsugar.com
Phone: Regd. office: 0512-2310762, Branch office: 0522-4079561

Extract of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Nine months ended December 31, 2022

(₹ in Lacs except per share data)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | Consolidated | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Quarter Ended 31.12.2021 (Unaudited) | Quarter Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Nine Months Ended 31.12.2022 (Unaudited) | Quarter Ended 31.12.2021 (Unaudited) |
| 1. | Total income from operations | 19,069 | 49,194 | 7,255 | 19,069 | 49,194 | 7,255 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period/year (before tax & exceptional items) | 2,379 | 3,082 | 1,093 | 2,379 | 3,082 | 1,093 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period/year before tax (after exceptional items) | 2,379 | 3,082 | 1,093 | 2,379 | 3,082 | 1,093 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period/year after tax (after exceptional items) | 1,764 | 2,257 | 742 | 1,764 | 2,257 | 742 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period/year [Comprising Profit/(Loss) for the period/year (after tax) & Other Comprehensive Income (after tax)] | 1,764 | 2,233 | 742 | 1,764 | 2,233 | 742 |
| 6. | Equity share capital | 1840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 | 1,840 |
| 7. | Other Equity | | | | | | |
| 8. | Earnings Per Share (of Rs.2/- each) (not annualised) | | | | | | |
| | a) Basic (Rs.) | 1.92 | 2.45 | 0.81 | 1.92 | 2.45 | 0.81 |
| | b) Diluted (Rs.) | 1.92 | 2.45 | 0.81 | 1.92 | 2.45 | 0.81 |

Notes:
1. The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results for the quarter ended December 31, 2022, filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchanges websites (www.nseindia.com) and (www.bseindia.com) and the Company's website (www.kmsugar.com).
2. The financial results of the Company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (Ind AS) notified under the Companies (Accounting Standards) Rules, 2015 as amended by the Companies (Indian Accounting Standards) (Amendment) Rules, 2016 and other accounting principles generally accepted in India.
3. Sugar being seasonal industry, the performance of the Company varies from quarter to quarter and the results for the quarter as such may not representative of the annual performance of the Company.

By Order of the Board
For K M Sugar Mills Ltd.
Sd/-
Aditya Jhunjhunwala
Managing Director

Date: 13.02.2023
Place: Lucknow